(प्रेस नोट)

जय गुरु देव

बाबा उमाकान्त जी महाराज की लोगों से प्रार्थना

मनुष्य के स्वस्थ्य रहने का शाकाहार एवं सदाचार ही एकमात्र सहारा

विश्व विख्यात परम सन्त बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने 20 व 21 फरवरी 2020 को अवध शिल्पग्राम, लखनऊ में आयोजित महायोग शिव दर्शन शिवरात्रि सतसंग कार्यक्रम में विश्व के लोगों से अपील की है कि कोरोना जैसी बीमारियों से बचने एवं लोगों को बचाने के लिये आप सभी लोग शाकाहारी, सदाचारी एवं नशामुक्त हो जायें। क्योंकि चाइन जैसा शक्तिशाली व आत्मनिर्भर देश का वुहान शहर कोरोना वायरस की चपेट में है, लोग घरों में बन्द हैं, एक-दूसरे की मदद नहीं कर पा रहे हैं और न ही उनकी की कोई मदद कर पा रहा है। यदि लोगों ने मांसाहार, जीवहत्या, मानवहत्या करना बंद नहीं किया तो ये बीमारी तो कुछ नहीं है आगे ऐसी बीमारियां आ रही हैं कि लोग जान बचाते फिरेंगे।

बाबा जी ने लोगों को खराब समय से बचाने के लिए समय रहते भविष्यवाणियां करते रहते हैं कुछ महीने पहले ही उन्होंने कहा था कि आने वाली बीमारियां मान्साहार करने वालों को ही होंगी। इस समय पूरा विश्व इस बात को स्वीकार कर रहा है।

शाकाहारी, नशामुक्त लोगों के ही सहयोग एवं सेवा से हो राम मंदिर का निर्माण

इसी के साथ ही बाबा जी ने बुद्धिजीवियों के बीच अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के मंदिर निर्माण में तन-मन-धन की सेवा शाकाहारी, नशामुक्त एवं सदाचारी लोगों की ही लगे ताकि भगवान राम के आदर्श पर लोग चल सके और उनकी शक्ति का अनुभव कर सके।

नेक दिल, खुदा परस्त, हक और हलाल की कमाई करने वालों के सहयोग से हो मस्जिद का निर्माण

उन्होंने मस्जिद निर्माण को लेकर भी यही बात कही कि इसके निर्माण में भी नेक दिल, खुदा परस्त, हक और हलाल की कमाई करने वाले शाकाहारी एवं नशामुक्त लोगों के तन-मन-धन के सहयोग से ही बने ताकि वहाँ पर की गयी इबादत कुबूल हो सके और खुदा रहम दिल होकर रूहानी, जिस्मानी, दुनियाबी और सभी तरह की बरकत का खजाना खोल दें। इस पर बुद्धिजीवियों में से एक ने पूंछा कि यह क्या संभव है ? तो बाबा जी ने कहा कि यदि इनको लोग न मिल पावें तो मैं यह कार्य करा सकता हूँ।

औषधीय खेती को बढ़ावा दें किसान

बाबा जी ने बताया कि किसान जड़ी-बूटी दवाईयों की खेती को बढ़ावा दें जैसे कि आँवला, हर्र, बहेड़ा, सोंठ, काली मिर्च, पिपरी,लहसुन, नीबू, अजवाइन, मेथी, ब्राह्मी, शंखपुष्पी, नागरमोथा, एलोवेरा आदि के साथ ही अपने घरों में, गमलों में तुलसी,नीम को लगायें क्योंकि आने वाली बीमारियों में इनकी भारी मात्रा में लोगों को जरूरत पड़ेगी। इसी के साथ ही सभी लोग अपने तौर तरीके से ही सही लेकिन सुबह-शाम पूजा, इबादत जरूर करें और अपने बीबी, बच्चों को भी करायें।

देशवासियों धरना, तोड़-फोड़, आन्दोलन से बचो, देशभक्त बनो

बाबा जी ने जनता व विशेष तौर पर नौजवानों से अपील की है कि देश की सम्पत्ति आपकी अपनी है। किसी के बहकावे में आकर स्वयं एवं दूसरों की जान माल का नुकसान मत करो। हिंसा, हत्या, आत्महत्या किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। देश भक्त बनो, सभी से प्रेम करो और किसी के भी धर्म, मजहब, गुरु,पीर,पैगम्बर की निन्दा मत करो। नशे से दूर रहो, नहीं तो नशा विनाश का कारण बन जाएगा।

जयगुरुदेव नाम मानव जाति के लिए है संजीवनी

बाबा जी ने बताया कि जयगुरुदेव नाम किसी इंसान का नहीं है यह खुदा,गोड,ईश्वर का वक्त का जगाया हुआ नाम है। सभी लोग जयगुरुदेव नाम की महिमा के बारे में लोगों को बतायें। सुबह बिस्तर से उठने से पहले, खाना खाने के पहले, यात्रा के समय, सोने से पहले व जब भी समय मिले जयगुरुदेव जयगुरुदेव जयगुरुदेव जय जयगुरुदेव ध्वनि करें। यह नाम आने वाली बीमारियों व दुःख, तकलीफों में लाभ पहुँचायेगा।